तापमान
अधिकतम 34.0°c
न्यूनतम 26.8°c

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

12 दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में डीसी...



12 शहर में श्रद्धा व उत्साह के साथ निकाली भगवान...





## खंड स्तरीय खेल स्पर्धा के चौथे दिन हुए रोचक मुकाबले

### विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

# 400 एवं 800 मीटर दौड़ में अर्पित और जूडो में झंकार बनीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का वीरवार को चौथा दिन रहा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 400 और 800 मीटर दौड़ में अर्पित ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए अंडर-19 बालक वर्ग कबड्डी मुकाबले में डिसेंट स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंघपुरा दूसरे स्थान पर और डीएन सिटी तीसरे स्थान पर रहा। वहीं अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अगस्त्य इंटरनेशनल और पठानिया पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें अगस्त्य स्कूल ने 34 रन से रोमांचक जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया और पठानिया पब्लिक स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। एम एस सरस्वती क्रिकेट ग्राउंड पर ब्लॉक स्तरीय लड़कियों का अंडर 17 व 19 क्रिकेट की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एम एस सरस्वती की इकलौती टीम थी जिसको विजेता घोषित कर दिया गया और विभिन्न स्कूलों से जिनमें लड़कियों की क्रिकेट की टीम नहीं थी उन स्कूल के बच्चों का ट्रायल लेकर चयन किया गया, यह जानकारी स्कूल के डीपीई सतबीर सिंह के द्वारा दी गई।

इसके अलावा अंडर-19 चेस प्रतियोगिता में नीत कुमार, देवन जाखड़, सनीस्थ, नैतिक और ईशान ने अपनी चालों से शानदार प्रदर्शन किया। विश्वकर्मा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित फेंसिंग प्रतियोगिता में भी विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान कोच रिंकू, गीता हुड्डा, प्राचार्य शमशेर, पीटीआई ऋतुराज व पीटीआई रेखा जांगड़ा ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


रोहतक। जूडो प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा भारती का दबदबा

अंडर-17 बालिका वर्ग जूडो में 36 किलो भार वर्ग में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की देविका, 40 किलो में राजकीय वमावि सुनारिया की तनू, 44 किलो में दुहन स्कूल मकड़ौली कलां की सोनाक्षी, 48 और 52 किलो में शिक्षा भारती की अंशिकाऔर वंशिका, 57 किलो में दुहनस्कूल की रिया, 63 किलो में एचडी स्कूल की वंशु, 70 किलो में शिक्षा भारती की वंशिका और 70 किलो से अधिक भार वर्ग में इंडस स्कूल की झंकार विजयी बनीं।

### बास्केटबॉल में ये जीते

अंडर-19 बालक वर्ग में शिक्षा भारती स्कूल व जीडी गोयनका, अंडर-17 में शिक्षा भारती स्कूल व एसडी स्कूल, तथा अंडर-14 में एसडी स्कूल, शिक्षा भारती स्कूल, श्री राम यूनिवर्सल स्कूल व विद्या श्री स्कूल की टीमें फाइनल और सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहीं।

**स्केटिंग:** क्वाड्स वर्ग के 500 मीटर स्केटिंग में एम डीएन स्कूल के जतिन ने पहला, गौड़ ब्राह्मण के कृष्णा ने दूसरा व स्कॉलर रोजरी के परविंदर ने तीसरा स्थान पाया। 1000 मीटर दौड़ में जतिन पहले, परविंदर दूसरे स्थान पर रहे। इनलाइन वर्ग के 500 और 1000 मीटर स्केटिंग मुकाबलों में एचडी स्कूल के अर्जुन ने पहला, जबकि जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के हिमांशु ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में क्वाड्स से जतिन, कृष्णा व परविंदर तथा इनलाइन वर्ग में अर्जुन, हिमांशु व नीरज का चयन हुआ। अंडर-17 स्केटिंग में क्वाड्स वर्ग से सनशाइन स्कूल के चेतन्या, बाबा मस्तनाथ के मयंक व रणवीर और इनलाइन वर्ग से अभय, दीप व जतिन का चयन किया गया। अंडर-14 क्वाड्स स्केटिंग में द मॉर्डन स्कूल के पार्थ, व एसडी पब्लिक स्कूल के हर्ष चयनित हुए।

## न्यूज डायरी



### अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती मनाई

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन अदम्य साहस, त्याग, राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर युवाओं के लिए प्रेरणा का अमिट स्रोत स्थापित किया।




### सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने पर जोर

**रोहतक।** दी रोहतक केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के दिल्ली रोड स्थित मुख्यालय में गुरुवार को हरको बैंक के चेयरमैन भारत भूषण जुयाल की अध्यक्षता में सभी शाखा प्रबंधकों एवं पैक्स प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने, पैक्स के कार्य विस्तार और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। हरको बैंक के चेयरमैन भारत भूषण जुयाल ने कहा कि पैक्स के सशक्त होने से ही किसानों की समृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में सहकारिता तंत्र को मजबूत किया जा रहा है।



### पठानिया स्कूल में नन्हे बच्चों ने मनाया फ्रूट वीक

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में नर्सरी से केजी तक के करीब 200 नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ फ्रूट वीक मनाया। सप्ताहभर चले इस आयोजन में बच्चों ने प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के ताजे फल विद्यालय में लाकर उनका स्वाद लिया और उनके पोषण संबंधी महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि फल विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं।

### साकेत नांदल ने नीट यूजी 2026 परीक्षा उत्तीर्ण की



**रोहतक।** गांव नांदल के होनहार छात्र साकेत नांदल ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 1461 तथा जनरल कैटेगरी रैंक 811 प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी यह सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर लगन का परिणाम है। साकेत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संस्कार गुरुकुल से प्राप्त की। विद्यालय में राजेश के सान्निध्य और मार्गदर्शन में उन्होंने नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और अनुशासित जीवनशैली अपनाई, जिसने उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया। साकेत के पिता समय सिंह तथा दादा जापान सिंह ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनकी माता एक शिक्षिका हैं, जिन्होंने बचपन से ही शिक्षा, संस्कार और मेहनत का महत्व सिखाया।

### सांगवान इंटरनेशनल का शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एसजीएफआई सब-ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। योग प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में छात्रा अवनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा सिंगल आर्टिस्ट प्रतियोगिता में द्वितीय तथा रिदमिक पेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 के छात्र अर्पित ने अंडर-19 वर्ग की 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 6 के छात्र अवि ने 45 किलोग्राम भार वर्ग की जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक और कक्षा 8 के छात्र आदित्य ने कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रशिक्षक सागर और श्रीमती गीतांजलि खिलाड़ियों के साथ मौजूद रहे।

### बच्चों ने जाना विभिन्न व्यवसायों का महत्व



**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी, रोहतक में नन्हे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विजिटर्स वीक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने समाज के विभिन्न सहयोगी वर्गों और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में रोचक तरीके से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों को फॉरेस्ट ऑफिसर, डॉक्टर, सिक्योरिटी गार्ड, पियॉन तथा अन्य हेल्पर्स के कार्यों और समाज में उनके योगदान से अवगत कराया गया। बच्चों को लाइव स्किट, मूवी शो, प्रोजेक्शन और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इन पेशों की भूमिका सरल और मनोरंजक ढंग से समझाई गई, जिससे उन्होंने सीखने के साथ भरपूर आनंद भी लिया।



### एमएस सरस्वती स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** एमएस स्कूल के विद्यार्थियों ने एसजीएफआई ब्लॉक स्तरीय शतरंज, क्रिकेट और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर कई खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। 20 से 23 जुलाई तक एम.एस. सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माता दरवाजा में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में तन्वी (अंडर-14), भूमि सोनी, जानवी (अंडर-17), भाव्या (अंडर-19) तथा यश (अंडर-17 बालक) ने शानदार प्रदर्शन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया।

### वैश्य स्कूल में विद्यार्थियों ने जानी कारगिल की गाथा



**रोहतक।** कारगिल विजय दिवस से पूर्व वैश्य पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान से परिचित करवाया गया। समाजसेवी कैप्टन जगबीर मलिक ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध की घटनाओं और शहीद सैनिकों की गौरव गाथा के बारे में जानकारी दी। कैप्टन मलिक ने बताया कि 26 जुलाई को देश 27वां कारगिल विजय दिवस मनाएगा। वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान को हराकर कारगिल की चोटियों पर कब्जा जमाया था।

## मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न दिलाने की मुहिम को खाप पंचायतों का समर्थन



**रोहतक।** भारत के महान हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न दिलाने की राष्ट्रीय मुहिम को अब हरियाणा की खाप पंचायतों का भी समर्थन मिलने जा रहा है। भारतीय खेल यूनियन (बीकेयू) और नांदल खाप के संयुक्त तत्वावधान में 24 जुलाई (शुक्रवार) को सुबह 11 बजे बोहर स्थित नांदल भवन में समर्थन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा की विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि सार्वजनिक रूप से इस अभियान का समर्थन करेंगे। भारतीय खेल यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश नांदल ने बताया कि समारोह के दौरान इस राष्ट्रीय मुहिम में सहयोग देने वाली खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न दिलाने का अभियान किसी एक व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि देशभर के करोड़ों खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है।

> राष्ट्रीय मुहिम में सहयोग देने वाली खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा

## अंडर-23 जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

# रोहतक ने भिवानी को 155 रन से हराया आशीष सिवाच ने 119 रन की पारी खेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

> निधीश गौर ने 45 रन और कप्तान निशांत सिंधु ने 37 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया

अंडर-23 जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में वीरवार को जिले के अलग-अलग मैदानों पर चार मैच खेले गए। 22 याड्र्स मैदान पर खेले गए मैच में रोहतक ने भिवानी को 155 रन से हराया। रोहतक ने निर्धारित ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन किया, जिसमें आशीष सिवाच ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 119 रन बनाए। उनके अलावा निधीश गौर ने 45 रन और कप्तान निशांत सिंधु ने 37 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भिवानी की टीम रोहतक की धारदार गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी और पूरी टीम 127 के स्कोर पर सिमट गई। रोहतक की ओर से गेंदबाजी में मयंक झांगू ने बेहद किफायती और घातक गेंदबाजी करते हुए 4.4 ओवरों में मात्र 25 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। वहीं, तन्मय और प्रथम सिंधवानी ने भी 2-2 विकेट अपने नाम किए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन और अनुशासित गेंदबाजी के दम पर रोहतक ने मुकाबले पर आसानी से कब्जा जमाया।


आशीष सिवाच


तंमय


प्रथम

### फतेहाबाद ने चरखी दादरी को 8 विकेट से दी मात

चौ. बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम ग्राउंड ए लाहली में खेले गए अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 के एक रोमांचक मुकाबले में फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने चरखी दादरी को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चरखी दादरी की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 198 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अंश पुण्यानी ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। फतेहाबाद की तरफ से गेंदबाजी करते हुए साहिल कुमार और वीरू सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहाबाद की टीम ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया और मात्र 26.5 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। सक्षम शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 98 रन (78 गेंद) की तूफानी पारी खेली, जबकि रॉनित पिलान ने भी नाबाद 53 रन (36 गेंद) का महत्वपूर्ण योगदान दिया। चरखी दादरी के गेंदबाजों में अंश पुण्यानी और अनुराग मलिक को 1-1 विकेट मिला।

### एचसीए सी ने सिरसा को हराया

चौ. बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम ग्राउंड बी लाहली के मुकाबले में एचसीए सी की टीम ने सिरसा को 5 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिरसा की पूरी टीम 38.4 ओवरों में 110 रन पर सिमट गई। एचसीए सी के गेंदबाजों ने कहर बरपाते हुए सिरसा की बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। सावन ने 8.4 ओवरों में मात्र 11 रन देकर 5 बहुमूल्य विकेट झटके। छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीए सी की न टीम ने 29.3 ओवरों में 5 विकेट खोकर 111 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। भव्य शर्मा ने 35 रन बनाए। सिरसा के गेंदबाजों में अभिषेक नोजल और माधव नैन ने 2-2 विकेट चटकाकर संघर्ष दिखाया।

### गुरुग्राम ने महेंद्रगढ़ को पीटा

22 याड्र्स ग्राउंड भिवानी रोड, रोहतक में खेले गए यू-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 के मुकाबले में गुरुग्राम ने महेंद्रगढ़ को 8 विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी महेंद्रगढ़ की टीम 34.1 ओवरों में 151 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीनू गोयल ने सबसे अधिक 39 रन बनाए। सौरभ यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरुग्राम की टीम ने शानदार शुरुआत की और मात्र 18.4 ओवरों में 2 विकेट पर 152 रन बनाकर मैच जीत लिया। लाक्ष्य यादव नाबाद 58 रन (34 गेंद) बनाए। अभिराज वशिष्ठ ने 46 रन और प्रिंस लोहिया ने 39 रन (24 गेंद) की तेज तर्रार पारी खेली।

# एमडीयू के 100 से अधिक मकान खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की आवासीय कॉलोनियों में लंबे समय से खाली पड़े 100 से अधिक मकानों के बेहतर उपयोग को लेकर नीति बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। पिछले तीन-चार वर्षों से उपयोग में नहीं आने वाले टाइप वन और टाइप वन-ए श्रेणी के मकानों की स्थिति समय के साथ खराब होने का खतरा बढ़ रहा है। यदि इन भवनों का समय रहते उपयोग नहीं किया गया तो विश्वविद्यालय की संपत्ति जर्जर हो सकती है विश्वविद्यालय प्रशासन इन मकानों के रखरखाव पर हर साल खर्च कर रहा है, जबकि खाली पड़े भवनों से कोई आय प्राप्त नहीं हो रही है। ऐसे में वित्तीय दबाव से जूझ रहे एमडीयू के लिए इन आवासीय संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल आर्थिक रूप से भी लाभदायक हो सकता है।

> पिछले तीन-चार वर्षों से उपयोग में नहीं आने वाले टाइप वन और टाइप वन-ए श्रेणी के मकानों की स्थिति समय के साथ खराब होने का खतरा बढ़ रहा

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सीमित अवधि के लिए मकान आवंटित किए जा सकते हैं



विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग के पूर्व प्रधान एवं सेवानिवृत्त कर्मी रणधीर कटारिया का कहना है कि एमडीयू को इस संबंध में स्पष्ट पॉलिसी बनानी चाहिए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निर्धारित नियमों और किराये के आधार पर सीमित अवधि के लिए मकान आवंटित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में वर्षों तक सेवा देने वाले कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद भी कुछ समय के लिए आवास की जरूरत होती है।

### किराये पर रह रहे

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत विवि में कार्यरत कर्मचारियों को भी इन मकानों का लाभ दिया जा सकता है। कई कर्मचारी वर्तमान में विवि परिसर या आसपास किराये के मकानों में रह रहे हैं।

### बढ़ जाते हैं खर्चे

बंद पड़े मकानों में मरम्मत, सफाई और सुरक्षा से जुड़े खर्च बढ़ते जाते हैं। विवि के पास मौजूद आवासीय संपत्ति महत्वपूर्ण संसाधन है। जरूरत है कि प्रशासन खाली मकानों के उपयोग को लेकर व्यावहारिक नीति तैयार करे। इससे जहां विश्वविद्यालय की आय बढ़ सकती है।

# एसजेके कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर दिखाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

सत जींदा कल्याणा (पीजी) कॉलेज, कलानौर में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से विद्यार्थियों के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देशभक्ति, राष्ट्रसेवा तथा भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान से परिचित कराना था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति का प्रतीक है। कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए देश की रक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों से वीर सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा की भावना को अपने



जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मानसा राय ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भारतीय सैनिकों के वीरतापूर्ण योगदान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. उमेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. विकास कुमार, डॉ. दीपा जुनेजा, डॉ. सुमन सहित कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 27 से एबीवीपी का सदस्यता अभियान

**रोहतक।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हरियाणा की ओर से 27 जुलाई से प्रदेशभर में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न चरणों एवं स्तरों पर विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस वर्ष परिषद ने दो लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हरियाणा के अंबाला स्थित डीएवी कॉलेज में हुई थी। पिछले 78 वर्षों से परिषद छात्र हित के साथ-साथ राष्ट्रहित के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधियों का संचालन करता है। सदस्यता अभियान की तैयारियों के तहत एबीवीपी रोहतक विभाग की ओर से विभाग सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए ‘सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ’ अभियान में तेजी

# जलभराव से निपटने के लिए निगम ने मुख्य मार्गों और छोटे नालों से निकाली गाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून के दौरान शहर को स्वच्छ रखने और जलभराव व संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक ने सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान शहर के मुख्य मार्गों, प्रमुख चौक-चौराहों, बड़े और छोटे नालों तथा जीटी की व्यापक सफाई करवाई गई ताकि बरसात के समय जल निकासी सुचारु बनी रहे और लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में नालों की नियमित सफाई अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि नालों में जमा कचरा जल निकासी को बाधित करता है और मच्छरों के पनपने से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम की विभिन्न टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई कार्य के साथ-साथ निगम की टीम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रही है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे कूड़ा खुले में या सड़कों पर न फेंकें और केवल नगर निगम की कूड़ा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा डालें। साथ ही घरों और प्रतिष्ठानों पर गीला, सूखा, घरेलू खतरनाक तथा सैनिटरी अपशिष्ट को अलग-अलग रखने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग और बिक्री नहीं करने का संदेश भी दिया जा रहा है।





रोहतक। नालों की सफाई करते नगर निगम की टीम तथा सफाई करते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### मानसून में जलभराव रोकने और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम की पहल

### आयुक्त ने की सहयोग की अपील

आयुक्त ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में कूड़ा संग्रहण नहीं हो रहा है या सफाई कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तो इसकी शिकायत नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 7303050200, 7303050800, 18001805007 और 8295900992 पर दर्ज कराई जा सकती है। वहीं स्ट्रीट लाइट खराब होने की सूचना 7027845050 और 8059988940 पर दी जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

**आज का सुविचार**

खुद की तरक्की में इतना समय लगा दो कि दूसरों की बुराई करने और सुनने का वक्त ही न मिले

**शहर में आज**

- नांदल भवन में खाप प्रतिनिधियों और उभरते खिलाड़ियों का सम्मान समारोह सुबह 11 बजे
- अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वैश्य कॉलेज में सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रात जागो देश जागो कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे

## हर घर में खतरा: स्मार्टफोन बना साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार

# गेम नहीं, ये है ठगी का जाल

### ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया के बहाने छोटे-छोटे बच्चों तक पहुंच रहे साइबर शिकारी गिरफ्तारी के बाद मोबाइल से खुल रहे फर्जी सिम एन्क्रिप्टेड चैट और डिजिटल लेनदेन के राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मां-बाप जिस मोबाइल को बच्चों के मनोरंजन का साधन समझकर उनके हाथ में दे रहे हैं, वही अब साइबर ठगों के लिए नया शिकार तलाशने का जरिया बनता जा रहा है। ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए पहले दोस्ती, फिर छोटे-छोटे इनाम और आखिर में पैसों का लालच देकर बच्चों को डिजिटल जाल में फंसाया जा रहा है। दूसरी ओर, किसी भी अपराध में गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस आरोपियों के मोबाइल की जांच करती है तो उसमें केवल कॉल या फोटो ही नहीं, बल्कि पूरे अपराध का डिजिटल ब्लूप्रिंट मिल रहा है। रोहतक पुलिस की जांच में सामने आया है कि अब अपराधियों का सबसे बड़ा ठिकाना उनका स्मार्टफोन बन चुका है।

अलग खबर




### एप से शुरुआत

**गेमिंग ऐप के लिंक:** बच्चों के मोबाइल पर गेमिंग एप या फ्री रिवॉड्‌र्स के फर्जी लिंक भेजे जाते हैं। शुरुआत में छोटी रकम भेजकर भरोसा बनाया जाता है, फिर गेम के नाम पर बच्चों से पैसे ट्रांसफर करवाए जाते हैं।

**ग्रूमिंग और चैट रूम्स:** मल्टीप्लेयर गेम्स खेलते समय ठग बच्चों से दोस्ती करते हैं और धीरे-धीरे बातों में फंसाकर माता-पिता के फोन से ओटीपी या बैंक डिटेल ले लेते हैं।

**गेमिंग की लत का फायदा:** बच्चे गेम में नए लेवल या स्किन्स खरीदने के लिए अनजाने में माता-पिता के क्रेडिट/डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर बैठते हैं। इस तरह वे अनजाने में साइबर अपराध की कड़ी बन जाते हैं। बाद में इन खातों से ठगी की रकम का लेन-देन होने पर उन्हें ट्रैक करना भी चुनौती बन जाता है।

### मोबाइल की फॉरेंसिक जांच में ऐसे डिजिटल साक्ष्य मिले

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब अपराधी वारदात से पहले हथियारों से ज्यादा अपने मोबाइल की तैयारी करते हैं। चोरी करनी हो, वाहन चोरी, नशा तस्करी, साइबर ठगी, लूट या गैंगवार की योजना बनानी हो, हर गतिविधि मोबाइल के जरिए संचालित होती है। हाल के महीनों में गिरफ्तार कई आरोपियों के मोबाइल की फॉरेंसिक जांच में ऐसे डिजिटल साक्ष्य मिले हैं, जिन्होंने पूरे गिरोह की परतें खोल दीं।

### रेकी के वीडियो और लाइव लोकेशन तक हुई बरामद

जांच के दौरान मोबाइल से फर्जी सिम कार्ड, नकली सोशल मीडिया अकाउंट, डिलीट की गई चैट, लोकेशन हिस्ट्री, बैंक ट्रांजेक्शन, रेकी के वीडियो और लाइव लोकेशन जैसी जानकारियां बरामद हुई हैं। कई आरोपी पूछताछ में कुछ नहीं बताते, लेकिन उनका मोबाइल पूरी कहानी बयान कर देता है। डिजिटल फॉरेंसिक टीम डिलीट किए गए फोटो, वीडियो, चैट बैकअप और अन्य डेटा रिकवर कर अपराध की कड़ियां जोड़ती है।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए नए साथियों की भर्ती

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए नए साथियों की भर्ती करते हैं। वारदात से पहले संभावित स्थान की रेकी कर फोटो और वीडियो साझा किए जाते हैं। कई गैंग टेलीग्राम और अन्य एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर डिसअपियरिंग चैट का इस्तेमाल करते हैं ताकि सबूत न बचें। कुछ आरोपी हर वारदात के बाद सिम बदल देते हैं, जबकि कई केवल इंटरनेट कॉलिंग का इस्तेमाल करते हैं ताकि सामान्य कॉल रिकॉर्ड पुलिस के हाथ न लगे।

### अपराध का तरीका पूरी तरह डिजिटल

पुलिस के अनुसार अब अपराध का तरीका पूरी तरह डिजिटल हो चुका है। पहले सोशल मीडिया पर संपर्क बनाया जाता है। इसके बाद एन्क्रिप्टेड ग्रुप में योजना तैयार होती है। गूगल मैप्स से आने-जाने और भागने के रास्ते तय किए जाते हैं। वारदात पूरी होने के बाद चैट, फोटो और कॉल रिकॉर्ड डिलीट कर दिए जाते हैं। साइबर ठग ऑनलाइन गेम, फर्जी निवेश, लकी ड्रॉ और इनाम के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं।

### यूं बचें डिजिटल अपराधियों से

- किसी अनजान गेम लिंक या ऐप को डाउनलोड न करें।
- बच्चों के मोबाइल में पैरेंटल कंट्रोल और भुगतान संबंधी सुरक्षा सेटिंग रखें।
- अनजान व्यक्ति को ओटीपी, यूपीआई पिन या बैंकिंग जानकारी न दें।
- सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सीमित साझा करें।
- बच्चों के ऑनलाइन गेमिंग व्यवहार पर नजर रखें।
- संदिग्ध कॉल, मैसेज या गेमिंग फ्रॉड की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या पुलिस को दें।

### इन प्लेटफॉर्म का सबसे ज्यादा प्रयोग

- व्हाट्सएप
- टेलीग्राम
- इंस्टाग्राम
- फेसबुक व मैसेंजर
- स्नैपचैट
- गूगल मैप्स और लाइव लोकेशन
- यूपीआई, डिजिटल वॉलेट व इंटरनेट बैंकिंग ऐप
- ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म

### अनजाने में बच्चे हो जाते हैं शिकार

आजकल बच्चे एप स्टोर से कई गेम डाउनलोड कर लेते हैं और अनजान लोगों से जुड़ जाते हैं। ठग पहले उन्हें छोटे-छोटे इनाम या पैसे भेजकर भरोसा जीतते हैं। इसके बाद गेम के नाम पर उनसे पैसे मंगवाते हैं या उनके खातों का इस्तेमाल करते हैं। इस तरह बच्चे अनजाने में साइबर ठगी का हिस्सा बन जाते हैं। ऐसे मामलों में अपराधियों तक पहुंचना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है।
**-सतीश कुमार**, एएसआई, साइबर एक्सपर्ट

### संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस को बताएं

आम नागरिक अपने मोबाइल, सिम और बैंकिंग जानकारी का दुरुपयोग न होने दें तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।
**-गौरव राजपुरोहित**, एसपी, रोहतक



### खबर संक्षेप

#### रास्ता रोककर दो भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला, 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**रोहतक।** लाखन माजरा थाना पुलिस ने गांव चिड़ी में दो भाइयों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में छह लोगों पर केस दर्ज किया है। चिड़ी निवासी राकेश पुत्र जुगती राम ने बताया कि 17 जुलाई की रात 11 बजे वह घर से खेल स्टेडियम की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में सोनू, रोहताश, नीता, साबो, छोटू और हर्ष ने उसका रास्ता रोक लिया और लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट में उसे चोटें आईं। आरोपियों ने उसके भाई सुरेश के साथ भी मारपीट की और दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायलों को पहले सीएचसी चिड़ी ले जाया गया, जहां से उन्हें उपचार के लिए पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने पीजीआई में पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान दूसरे पक्ष की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट का भी सत्यापन किया गया, जिसमें दूसरे पक्ष को लगी चोटें बचाव के दौरान लगी पाई गईं। हालात की जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर लाखन माजरा थाना पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### स्टेडियम के बाहर युवक पर हमला आईफोन लूटकर फरार हुए बदमाश

**रोहतक।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने छोटूराम स्टेडियम के बाहर एक युवक पर हमला कर उसका आईफोन लूटने का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में वसंत विहार निवासी पीयूष दहिया ने बताया कि 21 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे उसके परिचित सोमिल बल्हारा ने उसे फोन कर छोटूराम स्टेडियम के गेट पर बुलाया। वहां पहुंचते ही एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार तीन-चार युवक हाथों में लाठी-डंडे लेकर नीचे उतरे और उस पर हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए उसका आईफोन-15 प्रो मैक्स छीनकर फरार हो गए। हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। घायल पीयूष ने उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

#### ऑटो चालक से मारपीट कर फोन और नकदी लूटी, महिला समेत दो पर केस

**रोहतक।** काहनौर चौकी क्षेत्र में एक ऑटो चालक से महिला और उसके साथी से मारपीट कर मोबाइल फोन और नकदी लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर, रोहतक निवासी राजकुमार ने बताया कि वह अपने बेटे जतिन के नाम से पंजीकृत ऑटो चलाकर सवारियां ढोने का काम करता है। 22 जुलाई की सुबह करीब 10:30 बजे वह भिवानी चुंगी के पास चुगान माता मंदिर के निकट खड़ा था। इसी दौरान एक अज्ञात महिला ने गांव सुंडाना जाने के लिए ऑटो किराये पर लिया। राजकुमार के अनुसार, जब वह करीब 11:10 बजे गांव बल्लभ से ककराना रोड पर पहुंचा तो महिला ने ऑटो रुकवाया। आरोप है कि ऑटो रुकते ही महिला ने पीछे से उसकी गर्दन पकड़ ली और उसकी कमीज की जेब से एयरटेल सिम वाला कीपैड मोबाइल फोन छीन लिया। इसी दौरान पीछे से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर एक युवक आया और उसके साथ मारपीट की। आरोपी ने किसी नुकीली वस्तु से उसके मुंह, हाथ, पेट और पैर पर चोटें मारीं तथा उसकी पैंट की जेब से दो हजार रुपये भी छीन लिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

#### सरेआम हंगामा करते दो युवक दबोचे हथियार व बिना नंबर की बाइक बरामद

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने नामदेव चौक के पास सड़क पर हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस के अनुसार 22 जुलाई की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नामदेव चौक से पहले दो युवक सड़क के बीच बिना नंबर की मोटरसाइकिल खड़ी कर आपस में मारपीट और गाली-गलौज कर रहे हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान राहुल पुत्र भीम निवासी विष्णु नगर, गोहाना और नमन पुत्र किस्मत लाल निवासी वाल्मीकि चौक, गोहाना (जिला सोनीपत) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान राहुल के हाथ से 24 इंच लंबी लोहे की रॉड बरामद की गई। इसके अलावा दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक लोहे का नुकीला सूआ भी मिला, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। मौके से बिना नंबर प्लेट की काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने, यातायात बाधित करने तथा मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**

| | |
|---|---|
| Computer Operator | 2 |
| PRO | 4 |
| Nursing Staff | 4 |
| Ward Boy | 4 |
| Gate Keeper | 4 |

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## कार की टक्कर से ऑटो पलटा एक की मौत, 7 यात्री घायल

**रोहतक।** जसिया बाइपास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक ऑटो पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार सात अन्य लोग घायल हो गए। सदर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ब्राह्मणवास निवासी सोमबीर ने बताया कि 22 जुलाई को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ ऑटो में सवार होकर जींद जिले के आसन गांव से वापस लौट रहे थे। जब उनका ऑटो जसिया बाइपास स्थित एनएच-709 पर पहुंचा, तभी पीछे से आई काले रंग की ईको स्पोर्ट कार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गया, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे में उसके ताऊ कृष्ण पुत्र सूरजभान निवासी ब्राह्मणवास को गंभीर चोटें लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों को एंबुलेंस की मदद से पीजीआईएमएस रोहतक भेजा गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई, जिसका फायदा उठाकर कार चालक फरार हो गया।

## पिकअप की टक्कर लगने से किसान की मौत, मामला दर्ज

**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को बहु अकबरपुर निवासी दीपेंद्र ने बताया कि 22 जुलाई की रात करीब 8:15 बजे वह अपने पिता अनिल के साथ खेत की ओर जा रहा था। उसके पिता बाइक पर आगे चल रहे थे, जबकि वह ट्रैक्टर पर पीछे-पीछे आ रहा था। जब उसके पिता बल्हारा सर्विस स्टेशन के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार सफेद रंग की पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिर गए, जबकि चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उसने अन्य परिजनों को बुलाया और उन्हें पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि पिकअप की तेज गति होने के कारण वह उसका नंबर नहीं देख सका। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## दादा लखमी चंद की 123वीं जयंती पर सुपवा में 40 श्रेणियों के 81 साहित्यकारों को किया सम्मानित



**रोहतक।** सूर्य कवि दादा लखमी चंद की 123वीं जयंती के अवसर पर दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में गुरुवार को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में भव्य साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए 40 श्रेणियों में 81 साहित्यकारों और विद्वानों को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह तथा पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।

-विस्तृत समाचार पेज 12 पर

## घेवर, केक व बिरयानी समेत पांच खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

### त्योहार को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सांपला में की कार्रवाई

**रोहतक।** त्योहारी सीजन और बढ़ती खाद्य सामग्री की मांग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सांपला के बाजार में मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए घेवर, क्रीम रोल, बिस्किट, रेड वेलवेट केक और नॉनवेज बिरयानी के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। इन सैंपलों की रिपोर्ट निर्धारित प्रक्रिया के तहत करीब 14 दिनों में प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान कुछ मिठाई की दुकानों पर मिठाइयों को अखबार से ढका हुआ पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तत्काल अखबार हटवाए और दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी। निरीक्षण में जिन दुकानदारों के पास आवश्यक पंजीकरण या लाइसेंस नहीं मिला, उन्हें मौके पर ही नोटिस जारी किए गए और निर्धारित समय में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

### जारी रहेगा औचक निरीक्षण



खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश कादयान ने बताया कि प्रयोगशाला से सैंपल रिपोर्ट आने में 14 दिन का समय लगता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पहली नजर में ही बेहद खराब या उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत होती है, तो विभाग उसे मौके पर ही नष्ट करवा देता है। इससे दुकानदार उसे बेच नहीं पाता। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी विभिन्न बाजारों, मिठाई की दुकानों, बेकरी, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

## पीजीआई में रोज पहुंच रहे 7 से 10 मरीज

# सही वार्मअप, तकनीक व संतुलित आहार से टल सकता है लिगामेंट की चोट का खतरा

- फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन व कबड्डी जैसे खेलों में सबसे अधिक जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक में घुटने की गंभीर चोट एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 7 से 10 मरीज एसीएल की चोट के साथ पहुंच रहे हैं। यह समस्या विशेष रूप से फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी और अन्य ऐसे खेलों में अधिक देखने को मिल रही है, जिनमें अचानक दौड़ना, दिशा बदलना, छलांग लगाना या तेजी से मुड़ना पड़ता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में भी यह चोट अपेक्षाकृत अधिक देखी जा रही है। यूएचएस के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, खेल चिकित्सा एवं खेल चोट केंद्र डॉ. राजेश रोहिल्ला ने बताया कि एसीएल घुटने के अंदर मौजूद एक महत्वपूर्ण लिगामेंट है, जो जांघ की हड्डी (फीमर) और पिंडली की हड्डी (टिबिया) को जोड़कर घुटने को स्थिरता प्रदान करता है। खिलाड़ी जब अचानक दिशा बदलता है, गलत तरीके से जमीन पर उतरता है या घुटने पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, तो यह लिगामेंट आंशिक या पूरी तरह फट सकता है।

### कुछ ही मिनटों में घुटने में आ जाती है सूजन

एसीएल चोट लगने पर कुछ ही मिनटों में घुटने में सूजन आ जाती है, तेज दर्द होता है और पैर को मोड़ने या सीधा करने में कठिनाई होती है। कई मरीजों को चोट के समय घुटने के भीतर 'पॉप' जैसी आवाज भी सुनाई देती है, जो अक्सर लिगामेंट के पूरी तरह टूटने का संकेत होती है। ऐसी स्थिति में बिना जांच के दोबारा खेलना या चलने की कोशिश करना नुकसान को और बढ़ा सकता है। डॉ. रोहिल्ला के अनुसार, एसीएल चोटों के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण बिना उचित प्रशिक्षण के खेल शुरू करना है। सही तकनीक न अपनाने व पर्याप्त वार्मअप न करने से मांसपेशियां और लिगामेंट तैयार नहीं हो पाते और चोट का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। चोट को नजरअंदाज करने से मेनिस्कस को नुकसान पहुंच सकता है।

### बचने के लिए क्या करें

किसी भी खेल से पहले कम से कम 10 से 15 मिनट वार्मअप करें। जांघ और घुटने की मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाले व्यायाम नियमित रूप से करें। प्रशिक्षित कोच की देखरेख में खेलें, सही तकनीक अपनाएं और खेल के अनुसार उपयुक्त जूते पहनें। चोट लगने के बाद दर्द को नजरअंदाज करने के बजाय तुरंत विशेषज्ञ से जांच कराएं।

### रिकवरी के लिए क्या खाएं

डॉ. राजेश ने बताया कि शरीर की रिकवरी के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। भोजन में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दही, पनीर, अंडे, दालें, सोयाबीन और अंकुरित अनाज शामिल करें। हड्डियों और लिगामेंट की मजबूती के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी से भरपूर आहार लें। विटामिन-सी युक्त फल जैसे संतरा, अमरूद और आंवला ऊतकों की मरम्मत में मदद करते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी चाहिए।

### समय पर लें सही उपचार



पीजीआईएमएस में एसीएल चोट के मरीजों के लिए आधुनिक जांच, विशेषज्ञ परामर्श, फिजियोथेरेपी, आर्थोस्कोपिक (दूरबीन विधि) सर्जरी और पुनर्वास सहित सभी आवश्यक उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। समय पर उपचार और उचित फिजियोथेरेपी से अधिकांश मरीज दोबारा सामान्य जीवन और खेल गतिविधियों में लौट सकते हैं।
**-डॉ. राजेश रोहिल्ला**, वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, खेल चिकित्सा एवं खेल चोट केंद्र

**GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT**
AN AUTONOMOUS INSTITUTE
JHAJJAR (DELHI-NCR)

NAAC A GRADE — NBA B.TECH ME, ECE and MBA

Industry Oriented Curriculum | Degree Conferred by MDU, Rohtak

RANKED #16 In North India | RANKED #38 Pvt. Institutes in India | RANKED #39 Across India | RANKED #46 Placement Across India
Times Engineering Institute Ranking Survey-2026

**ADMISSIONS OPEN 2026-27**

Applications are invited on prescribed performa from eligible candidates for filling up the Vacant/Leftover Seats/ Tuition Fee Waiver/Economical Weaker Section of B.Tech 1st year courses and B.Tech 2nd year (LEET) courses as per HSTES 2026-27 guidelines and reservation policy. Application performa can be downloaded from the Institute website or can be taken from the admission office. The duly filled Application performa along with necessary documents must be submitted in the Institute admission office.

PHYSICAL COUNSELING / REPORTING SCHEDULE

| | |
|---|---|
| Last date for submission of Application form through email or by hand | 27.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Physical Reporting and submission of admission fee by the candidates on the basis of JEE Mains Ranks/10+2 marks (with reservation policy) | 28.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Physical Reporting and Submission of Admission fee by the candidates having JEE Mains Ranks/10+2 Marks (without reservation) | 29.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Daily Basis On Spot Physical Counseling on First come- first serve basis | From 30.07.2026 to the last cut of date of admissions as per HSTES |

B.TECH | B.TECH (LEET)
CSE, CSE (DS), CSE (AI & ML), FIRE TECH. & SAFETY, ELECTRICAL MECHANICAL, ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG., CIVIL
COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS IN FLEXIBLE TIMINGS
B.TECH (FIRE TECH. & SAFETY, CSE, ELECTRICAL, CIVIL), M.TECH (CSE, SD), MBA, MCA
Other Courses by GGI
M.TECH | BBA | BCA | MCA | MBA | B.ARCH | M.ARCH | B.ED | M.ED
8684000891 / 892 / 893 / 906 / 9654292946 | www.gangainstitute.com

## खबर संक्षेप

### इस्माइला से 62 वर्षीय व्यक्ति लापता, केस दर्ज

**रोहतक।** सांपला थाना पुलिस ने गांव इस्माइला 9बी निवासी 62 वर्षीय व्यक्ति के लापता होने के मामले में गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मनीष ने बताया कि उसके पिता जयपाल पुत्र रूपचंद निवासी इस्माइला 18 जुलाई को बिना किसी को बताए घर से कहीं चले गए थे और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। शिकायत के अनुसार लापता जयपाल का रंग सांवला, चेहरा गोल, शरीर पतला, कद करीब 5 फीट 4 इंच है। घर से जाते समय उन्होंने सफेद रंग की शर्ट और पायजामा पहन रखा था। सांपला थाना पुलिस ने बेटे की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जयपाल की तलाश शुरू कर दी है।

### अदालत से पीओ गगन पर नया केस दर्ज

**रोहतक।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने अदालत के आदेश पर एक आरोपी के खिलाफ भगोड़ा घोषित होने के बाद नया मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान गगन पुत्र अशोक कुमार निवासी विशेषगंज, थाना संग्रामपुर, जिला अमेठी हाल निवासी भरत कॉलोनी, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2022 में दर्ज मारपीट और धमकी के एक मामले में आरोपी गगन लगातार अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत की ओर से जारी उद्घोषणा (प्रोक्लेमेशन) की कार्रवाई पूरी होने के बावजूद आरोपी निर्धारित समय पर अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) मोहम्मद सगीर की अदालत ने 10 अप्रैल 2026 को आरोपी को भगोड़ा (प्रोक्लेम्ड पर्सन) घोषित कर दिया। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नया मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए।

### खाद की दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास

**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने गांव बहु जमालपुर स्थित खाद की दुकान में चोरी का प्रयास करने के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में दुकानदार अंकित ने बताया कि उसकी गांव के बस स्टैंड पर खाद की दुकान है। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के शटर को तोड़ने का प्रयास किया गया था। जांच करने पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में तीन अज्ञात युवक शटर तोड़ते हुए दिखाई दिए। शिकायत के आधार पर बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है और मामले की जांच जारी है।

### गुमशुदगी का मामला दर्ज पुलिस ने शुरू की तलाश

**रोहतक।** लाखन माजरा थाना पुलिस ने गांव इंदरगढ़ निवासी रेखा की शिकायत पर उसकी 42 वर्षीय बहन सीमा पत्नी राजू के लापता होने के मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी शिकायत में रेखा ने बताया कि 21 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे उसकी बहन सीमा घर से कहीं चली गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। लाखन माजरा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### कारगिल दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में कार्यवाहक प्राचार्या अनीता अमानी के मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस देशभक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्रोफेसर सचिन दलाल रहे। सहायक प्रोफेसर परवीन पूनिया ने विद्यार्थियों से देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## सीएम सैनी ने दादा लख्मी चंद की 123वीं जयंती पर 40 श्रेणियों के 81 साहित्यकार सम्मानित किए

# हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिला रही सुपवा: सैनी

### नायब बोले- आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी भाषा, साहित्य, संस्कृति व कलाकारों से होती समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सूर्य कवि दादा लख्मी चंद की 123वीं जयंती के अवसर पर दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में गुरुवार को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में भव्य साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए 40 श्रेणियों में 81 साहित्यकारों और विद्वानों को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह तथा पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सुपवा को लेकर जो सपना देखा था, वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि यह विश्वविद्यालय भविष्य में ऐसे कलाकार, साहित्यकार और शोधकर्ता तैयार करेगा, जो हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को वैश्विक पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि आधुनिकता को अपनाना समय की आवश्यकता है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। दादा लख्मी चंद केवल कवि या कलाकार नहीं, बल्कि हरियाणा की आत्मा और लोक संस्कृति के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने अपनी रागनियों और सांगों के माध्यम से सत्य, त्याग, निष्ठा, धर्म और नैतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने लगभग एक हजार गांवों और सैन्य छावनियों में सांग प्रस्तुत कर लोकजागरण का कार्य किया तथा उससे प्राप्त आय का उपयोग स्कूल, चौपाल, तालाब, धर्मशाला और गौशालाओं के निर्माण जैसे जनहित कार्यों में किया।





### विनोद बब्बर को आजीवन साहित्य साधना पुरस्कार किया प्रदान

सम्मान समारोह में महेंद्रगढ़ के रोहित यादव को वर्ष 2021 का तथा विनोद बब्बर को आजीवन साहित्य साधना पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2021 के लिए वी.एम. बेचैन तथा वर्ष 2022 के लिए डॉ. राजकला देशवाल को पंडित लख्मी चंद सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री और दादा लख्मी चंद के पौत्र विष्णु दत्त को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### लख्मीचंद ने किया समाज का मार्गदर्शन

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दादा लख्मी चंद की रागनी सुन ले मेरा ठिकाना रे, इस भारत के म हरियाणा की पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि रोहतक में उनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। लख्मी चंद ने मात्र 42 वर्ष की आयु में जो सांस्कृतिक विरासत छोड़ी, वह आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि साहित्य सम्मान समारोह को दादा लख्मी चंद विश्वविद्यालय में करने का निर्णय ऐतिहासिक रहा।

### समारोह में ये रहे मौजूद

समारोह में हिंदी, हरियाणवी, संस्कृत, पंजाबी और उर्दू भाषा के साहित्यकारों को विभिन्न वर्षों और श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा, सीताराम व्यास, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका आदि रहे।




### मुख्यमंत्री ने एमडीयू में किया पौधरोपण

**रोहतक।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने भी मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एमडीयू परिसर में पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के विकास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है। पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है।

### नीट पेपर लीक मामले पर विपक्ष युवाओं को गुमराह कर रहा है : मुख्यमंत्री सैनी

**रोहतक।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों को लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है, जबकि विपक्ष इस मुद्दे पर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष के पास कोई सकारात्मक सुझाव हैं तो उन्हें संसद में चर्चा के दौरान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पेपर लीक के मामलों में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कराने और फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से जल्द सजा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने बताया कि परीक्षाओं की पारदर्शिता के लिए हरियाणा सरकार ने हरियाणा लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम लागू किया है। इसके तहत परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के लिए दो से दस वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

### सीएम ने कुंडू, जयहिंद के पिता व डॉ. आदित्य बतरा के निधन पर जताई संवेदना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महम के पूर्व विधायक बलराज कुंडू के पिता जिले सिंह कुंडू, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद के पिता धर्मप्रकाश तथा शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बत्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने तीनों परिवारों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



*मुख्यमंत्री सैनी ने सेक्टर 14 स्थित पूर्व विधायक बलराज कुंडू के आवास पर उनके पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। माल्यार्पण कर नमन किया।*



मुख्यमंत्री ने सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद के बीपीएल फ्लैट पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और परिवार को ढांढस बंधाया।



सीएम नायब सैनी ने प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बतरा के आवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने डॉ. बतरा के परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।



### शहर में श्रद्धा व उत्साह के साथ निकाली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

**रोहतक।** रोहतक में इस्कॉन के भक्तों की ओर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। सजे-धजे रथ पर भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान रहे। रथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा शहर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।रथ यात्रा जैसे-जैसे शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। भक्तजन हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष के साथ भजन-कीर्तन करते हुए रथ के साथ चलते रहे। कई श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। लोगों ने पुष्प वर्षा की और प्रसाद का वितरण किया। आयोजन में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। पूरे मार्ग पर धार्मिक उत्साह और उत्सव का माहौल देखने को मिला। इस्कॉन भक्तों ने बताया कि भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और भाईचारे का संदेश देना भी है। आयोजन को व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न किया गया।

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग की कड़ी निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में वीरवार को लोगों ने डीसी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने घटना पर रोष जताते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नारेबाजी करते हुए छात्रों पर हुए पुलिस बल प्रयोग की निंदा की। इस दौरान लघु सचिवालय के ठीक बाहर से गुजर रही शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम जैसे हालात बने रहे।



### प्रदर्शन के चलते सड़क जाम, वाहन चालक परेशान

प्रदर्शनकारियों के सड़क के आसपास एकत्रित होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में स्थिति सामान्य होने पर यातायात सुचारू हो सका। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रों को अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रखने का अधिकार है। उनका आरोप था कि जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर लाठीचार्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# एमडीयू में रात 8:30 बजे के बाद तक चली एलएलबी ऑनर्स की काउंसलिंग

- चयनित विद्यार्थी 24 जुलाई तक जमा कराएं निर्धारित फीस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** काउंसलिंग के दौरान करीब 7:30 बजे मौजूद विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए वीरवार को पहली काउंसलिंग सुचारु रूप से आयोजित की गई। चयनित अभ्यर्थियों को 24 जुलाई तक अपनी निर्धारित फीस जमा करानी होगी। हर बार की तरह इस बार भी एलएलबी पाठ्यक्रम में दाखिला पाने के लिए अभ्यर्थियों के बीच जबर्दस्त मारामारी देखने को मिली। एलएलबी ऑनर्स तीन वर्षीय विभाग के बाहर दिनभर विद्यार्थियों और अभिभावकों की भारी भीड़ जुटी रही। आवेदकों की अधिक संख्या और दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया के चलते एलएलबी की पहली काउंसलिंग देर रात 8:30 बजे के बाद तक जारी रही। विभाग के बाहर पूरा दिन पुलिस की डायल 112 की गाड़ी तैनात रही।

# आईएमटी चौक पर छात्रा से बुलेट सवारों ने की छेड़छाड़

**रोहतक।** खेड़ी साध स्थित आईएमटी चौक पर दिनदहाड़े बुलेट पर सवार दो युवकों ने कॉलेज की छात्रा के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ कर फरार हो गए। घटना के बाद छात्रा ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस के अनुसार घटना आईएमटी चौक के पास हुई। पीड़ित रोहतक के एक कॉलेज की छात्रा है। आरोप है कि बुलेट मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उसके साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से खेड़ी साध गांव की ओर फरार हो गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए आईएमटी चौक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी किस रास्ते से आए और घटना के बाद किस दिशा में फरार हुए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों युवक खेड़ी साध गांव की ओर से आए थे। पुलिस आसपास के कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जुटा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

**दोनों आरोपी खेड़ी साध गांव की ओर फरार पुलिस ने शिकायत दर्ज की**

## न्यूज डायरी




### इनर व्हील क्लब ने गोशाला में की पशु सेवा

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब की ओर से पशुपीड़ित गौशाला में पशु सेवा परियोजना का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गायों के लिए 351 किलोग्राम हरा चारा, 10 किलोग्राम गुड़ तथा बीमार एवं घायल गायों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयां भेंट कीं। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य गौसेवा के साथ-साथ पशु कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और सभी जीवों के प्रति करुणा, प्रेम एवं संवेदनशीलता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।



### पहली मेरिट सूची के साथ कॉलेजों में दाखिले का आगाज

**रोहतक।** उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची जारी होते ही जिले के कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया ने जोर पकड़ लिया है। जिले के सभी प्रमुख कॉलेजों में विद्यार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। जिले के 15 सरकारी व एडिड कॉलेजों की कुल 16,159 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया जारी है, जिसमें इस बार बीकॉम, बीए, बीबीए और बीएससी में प्रवेश के लिए मुकाबला देखने को मिल रहा है। दाखिला प्रक्रिया के तहत सभी कॉलेजों में सुबह 9 से 11 बजे तक विद्यार्थियों ने अपने मूल दस्तावेजों की जांच करवाई, जिसके बाद 11 बजे से पात्र विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवानी शुरू कर दी।



### डायल-112 चालक पर कांच की बोतल से हमला, केस दर्ज

**रोहतक।** कलानौर थाना पुलिस ने डायल-112 वाहन पर तैनात चालक विजय कुमार पर कांच की बोतल से जानलेवा हमला कर घायल करने के आरोप में गांव कलानौर निवासी लोकेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में घायल विजय कुमार ने बताया कि वह ईआरवी-594 डायल-112 पर चालक के पद पर कार्यरत है और कलानौर क्षेत्र में ड्यूटी कर रहा था। उसके साथ एएसआई राजेश (250) और एसपीओ कुलदीप (355) भी तैनात थे। ड्यूटी के दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां आरोपी लोकेश शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर रहा था।आरोप है कि इसी दौरान उसने कांच की बोतल उठाकर उसके सिर पर जान से मारने की नीयत से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी को काबू किया।

### सावन हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार




**रोहतक।** पाड़ा मोहल्ला निवासी सावन की चाकू से वार कर हत्या करने के मामले में रोहतक पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिमी दिल्ली निवासी अमित पुत्र किरोड़ीलाल के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले में अब तक एक नाबालिग सहित 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले की जांच सलारा मोहल्ला पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश की देखरेख में चल रही है। जांच के दौरान 22 जुलाई को आरोपी अमित को पश्चिमी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। मामले में एक नाबालिग सहित अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जोहड़ बचाने व आबादी विवाद सुलझाने के लिए नई व्यवस्था की तैयारी

# जोहड़ों की जमीन पर मकानों का मामला फिर गरमाया

**जल स्त्रोतों और लोगों के आवासीय हितों की रक्षा के लिए प्रभावित लोगों से संवाद बेहद आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



एआई जेनरेटेड

प्रदेश के गांवों में लाल डोरा क्षेत्र के भीतर जोहड़ों और तालाबों की जमीन पर बने मकानों का मामला लंबे समय से विवाद का विषय बना हुआ है। हर जिले में ऐसे गांव हैं, जहां वर्षों से लोग जोहड़ों के आसपास या पुराने आबादी क्षेत्र में मकान बनाकर रह रहे हैं। अब इस मुद्दे को लेकर यह सवाल उठ रहा है कि जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है या वर्षों से रह रहे परिवारों के आवासीय अधिकारों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे मामले सामने आते हैं, जहां लोगों का कहना है कि उन्होंने मकान उस समय बनाए, जब जोहड़ों की सीमाएं स्पष्ट रूप से चिन्हित नहीं थीं। कई गांवों में आबादी विस्तार के साथ पुराने जल स्रोत आबादी क्षेत्र के बीच आ गए। ऐसे में कई परिवारों को वर्षों बाद यह जानकारी मिली कि उनका मकान रिकॉर्ड के अनुसार जोहड़ की जमीन पर बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि विवादों की जड़ पुराने राजस्व रिकॉर्ड और मौके की स्थिति में अंतर है। इसलिए पहले जोहड़ों की वास्तविक सीमा का वैज्ञानिक तरीके से निर्धारण जरूरी है।

### इसलिए जरूरी है स्पष्ट सीमांकन

गांवों में पुराने समय से चले आ रहे जोहड़ों का रिकॉर्ड कई जगह स्पष्ट नहीं है। कई बार राजस्व नक्शों और मौके की स्थिति में अंतर देखने को मिलता है। ऐसे में बिना स्पष्ट सीमांकन के कार्रवाई करने से विवाद बढ़ सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जल स्रोतों को बचाना और लोगों के आवासीय हितों की रक्षा करना दोनों ही सरकार की जिम्मेदारी हैं। इसके लिए पारदर्शी सर्वे, स्पष्ट रिकॉर्ड और प्रभावित लोगों से संवाद जरूरी है

### मानवीय पहलुओं को देखना जरूरी

ग्रामीणों का तर्क है कि यदि किसी परिवार ने दशकों से वहां रहकर अपना जीवन बनाया है और उसके पास रहने के लिए दूसरा विकल्प नहीं है तो कार्रवाई से पहले मानवीय पहलू को देखा जाना चाहिए। उनका कहना है कि घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं होता, बल्कि परिवार की सुरक्षा से जुड़ा होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005